फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुम्भलगढ़ जिला राजसमन्द

पत्रावली संख्या 38/2023 प्रार्थना पत्र धारा 251 ए

रामलाल बनाम राजस्थान राज्य वगैराह

दिनांक	आदेशिका	हस्ताक्षर / सूचना
6/6/24	अधिवक्ता पत्रावली पेश हुई ।अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित है । तहसीलदार कुम्भलगढ़ से रिपोर्ट प्राप्त हुई जो शामिल मिसल की गई अधिवक्ता प्रार्थी की बहस सुनी गई ।अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस मे बताया कि प्रार्थी रामलाल पिता हिमालाल उर्फ हिमाराम भील निवासी जिला कुम्भलगढ़ तहसील कुम्भलगढ़ व विपक्षी संख्या 2 सत्यप्रकाश पिता रामप्रसाद मीना निवासी रेहटोटी सरमथुरा जिला धौलपुर के ग्राम व पटवार हल्का पीपाणा तहसील कुम्भलगढ़ मे स्थित सह– खातेदारी भूमि आराजी नंबर 3058/1503 रकबा 1.080 हैक्टेयर किस्म बारानी–3 भूमि मे आने–जाने हेतु ग्राम पीपाणा की बिलानाम भूमि से रास्ता दिलाया जावे नियमानुसार सरकारी शुल्क जमा कराने को तैयार है। तहसीलदार कुम्भलगढ़ की जांच रिपोर्ट अनुसार उक्त सह–खातेदारी भूमि मे आने–जाने हेतु ग्राम पीपाणा की बिलानाम भूमि आराजी नंबर 2986 रकबा 4.7412 हैक्टेयर किस्म मगरी मे से रकबा 0.4266 हैक्टेयर, भूमि का रास्ता सबसे निकटतम रास्ता है । रास्ते हेतु उक्त प्रस्तावित भूमि को दिये जाने की अनुशंषा की है । अधिवक्ता प्रार्थी की एक तरफा बहस सुनी गई । बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया । पत्रावली के अवलोकन से सिद्व है कि तहसीलदार की रिपोर्ट अनुसार प्रस्तावति रास्ता बिलानाम भूमि भूमि से है इसके अलावा कोई वैकल्पिक रास्ता नही होने से रास्ता दिया जाना न्यायोचित है अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जा कर तहसीलदार कुम्भलगढ़ के प्रस्तावानुसार उक्त प्रस्तावित बिलानाम भूमि की डी.एल.सी.दर 113434/–रूपये प्रति हैक्टेयर से भूमि की कीमत 48391/–की दुगुनी कीमत 96782/–रूपये संबंधित मद मे जमा कराने पर उक्त प्रस्तावित भूमि किस्म रास्ता दर्ज करने का आदेश दिया जाता है ।रास्ते की अधिकतम चौडाई 30 फीट है। जिसका प्रयोग सार्वजनिक होगा । तद्नुसार राजस्व अभिलेख मे अंकन एवं अमल दरामद किये जाने हेतु पृथक से आदेश जारी किया जाकर ट्रेस की प्रति के तहसीलदार कुम्भलगढ़ को पालना हेतु भेजी जावे । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया । उपखण्ड अधिकारी कुम्भलगढ़ जिला–राजसमन्द (राज.)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Upendra Kumar Sharma
Date: 2024.08.08 16:39:32 IST
Reason: SelfAttested